# DAV NUPPL Public School
## NUPPL Township, Ghatampur, Kanpur Nagar, UP-209206

**Assignment: Half yearly** **Class : III**
**Subject: Hindi** **Session: 2024-25**

## पठित गद्यांश

(i) एक चिड़िया थी। उसने एक पोटली बना ली और अच्छा या बुरा, जो भी उसके साथ होता था, वह एक छोटा सा पत्थर उसमें डाल देती थी। कुछ ही दिनों में उसकी पोटली बहुत भारी हो गई, जिस कारण वह चिड़िया उड़ नहीं पा रही थी। कुछ और दिन बीतने पर उसका चलनाफिरना भी मुश्किल हो गया। हम भी अगर पुरानी अप्रिय बातों को - भूलकर भविष्य के पथ पर अग्रसर नहीं होंगे, तो हम कभी वर्तमान का आनंद नहीं ले पाते हैं।

(क) चिड़िया अपनी पोटली में क्या डालती थी?

(अ) खाना (ब) पानी (स) छोटे पत्थर (द) पत्ते

(ख) चिड़िया की पोटली किस कारण से भारी हो गई?

(अ) उसमें खाना भरने के कारण

(ब) उसमें छोटे पत्थर भरने के कारण

(स) उसमें पत्ते भरने के कारण

(द) उसमें पानी भरने के कारण

(ग) चिड़िया अपनी पोटली कब भरती थी?

(अ) जब उसके साथ अच्छा होता था।

(ब) जब उसके साथ बुरा होता था।

(स) जब उसके साथ अच्छा या बुरा होता था।

(द) जब उसे भूख लगती थी।

(घ) पोटली भारी हो जाने के बाद चिड़िया के साथ क्या हुआ?

(अ) वह उड़ नहीं पा रही थी।

(ब) वह सो नहीं पा रही थी।

(स) वह खाना नहीं खा पा रही थी।

(द) वह पानी नहीं पी पा रही थी।

(ङ) इस कहानी का मुख्य संदेश क्या है?

(अ) पुरानी अप्रिय बातों को भूलकर भविष्य की ओर बढ़ना चाहिए।

(ब) अधिक पत्थर इकट्ठा करना चाहिए।

(स) खाने की चीजें इकट्ठा करनी चाहिए।

(द) पानी को संरक्षित करना चाहिए।

(ii) एक दिन की बात है। सुंदर वन में एक शेर रहता था। सुंदर वन बहुत सुंदर था। वहाँ चारों ओर हरे-भरे पेड़ थे। शेर पेड़ के नीचे सो रहा था। अभी उसे नींद आई ही थी कि अचानक भिनभिनाने की आवाज़ से उसकी नींद खुल गई। उसने इधर देखा, उधर देखा। उसे आस-पास कोई दिखाई नहीं दिया। वह फिर सोने की कोशिश करने लगा। उसे फिर से

भिनभिनाने की आवाज़ सुनाई दी। वह गुस्से में इधर-उधर देखने लगा। तभी उसकी नजर मक्खी पर पड़ी। वह शेर के कानों के पास भिनभिना रही थी। मक्खी के भिनभिनाने की आवाज़ से शेर परेशान हो गया था। उसने मक्खी से कहा "जाओ यहाँ से। मुझे आराम करने दो।" मक्खी ने कहा- "मेरे साथ खेलो ना। मुझे पकड़ो।" शेर बोला "मुझे तुम्हारे साथ नहीं खेलना है।" मक्खी ने पूछा "क्यों?" शेर बोला "यह मेरे आराम करने का समय है।"

(क) शेर कहाँ सो रहा था?

(अ) नदी के किनारे (ब) पहाड़ की चोटी पर

(स) पेड़ के नीचे (द) गुफा के अंदर

(ख) शेर की नींद किसकी आवाज़ से खुली?

(अ) पक्षी की (ब) भेड़िए की

(स) मक्खी की (द) हवा की

(ग) शेर ने क्या कोशिश की?

(अ) मक्खी को पकड़ने की (ब) फिर से सोने की

(स) शिकार करने की (द) खाना खाने की

(घ) मक्खी ने शेर से क्या कहा?

(अ) "मुझे सोने दो" (ब) "मुझे जाने दो"

(स) "मेरे साथ खेलो ना" (द) "मुझे खाना दो"

(ङ) शेर मक्खी से क्यों परेशान था?

(अ) मक्खी उसे काट रही थी (ब) मक्खी उसके कानों में आवाज़ कर रही थी

(स) मक्खी उसके ऊपर उड़ रही थी (द) मक्खी उसके खाने में थी

**पाठ 5 'बहादुर दोस्त' (BHASHA MADHURI /ABHYAS MADHURI)**

1.लालू ने दीपक को क्यों जगाया?

2.लालू कौन था?

3.किसने चोर को पकड़वाया?

4.चोर कहाँ पकड़ा गया?

5.पुलिस ने दीपक की पीठ क्यों थपथपाई?

6.सही शब्द से खाली जगह भरिये -

(क)चोर डर के मारे ........लगा ।(काँपने/रोने )


(ख) पिल्ले का नाम ......... था।(कालू/लालू )

(ग) लालू ने दीपक की .........खींची।(रजाई/चादर )

7. शब्दों को देखकर वाक्य में लिखिए-

(बार -बार, पीछे - पीछे, धीरे-धीरे, जाते - जाते )

8. नीचे दिए गये चित्र को देखिये और वाक्य बनाइये।

9. नीचे दिए गये शब्दों के बहुवचन शब्द लिखिए -

पूरी, टोकरी,रजाई, कुत्ता, दरवाजा

10.शब्दार्थ लिखिए -पोटली ,शाबाश,शोर

**पाठ 6. 'घमंडी मक्खी' (BHASHA MADHURI /ABHYAS MADHURI)**

1. शेर को गुस्सा क्यों आया?

2.अंत में मक्खी के साथ क्या हुआ?

3. मक्खी ने हाथी से क्या कहा?

4. नीचे दिए गये शब्दों के समान लय वाले शब्द लिखिए-

जंगल , मकड़ी , शेर

5.नीचे दिए गये मुहावरों से वाक्य बनाइये -

(क) आग बबूला होना (ख) नाक में दम करना

6. घमंडी मक्खी का सारांश अपने शब्दों में लिखिए ।

**पाठ 7. 'दादाजी'(BHASHA MADHURI /ABHYAS MADHURI)**

1.रोज एक मस्जिद से अजान की आवाज क्यों नहीं आई?

2.सोनाली दादाजी के लिए क्या लेकर गई?

3.सही शब्द चुनकर वाक्य पूरा कीजिए -

(क) सोनाली .........ठण्ड लग रही थी। (को/के)

(ख) उसे दादाजी ........चिंता हो रही थी। (की/कि)

4.

**पाठ 8. 'अगर पेड़ भी चलते होते'(BHASHA MADHURI /ABHYAS MADHURI)**

1.कविता याद कीजिए।

2. नीचे दिए गये शब्दों के उलटे अर्थ वाले शब्द लिखिए -

नीचे, मधुर , धूप

1. दादा, आदमी, लेखिका (लिंग बदलिए )

**2.** पेड़, कलम, फल (वचन बदलिए )

3. दिए गए पंक्तियों से काम वाले शब्द छाँटकर लिखिए -

(क) अगर पेड़ भी चलते होते ( काम वाले शब्द .........)

(ख) उसके नीचे हम छिप जाते (काम वाले शब्द ........)

**पत्र**

प्रधानाचार्याजी को छुट्टी के लिए दिए गये पत्र प्रारूप में रिक्त स्थानों को भरकर पत्र पूरा कीजिये।

पता

____________

____________

____________

दिनांक

____________

सेवा में,

प्रधानाचार्या ,

____________ विद्यालय,

____________ (स्थान का नाम)

विषय: छुट्टी के लिए आवेदन पत्र

महोदय/महोदया,

सविनय निवेदन है कि मैं __________ (आपका नाम), कक्षा __________ (कक्षा का नाम), आपके विद्यालय का/की छात्र/छात्रा हूँ। मुझे __________ (कारण लिखें, जैसे कि बुखार, शादी, परिवारिक कार्यक्रम आदि) के कारण __________ (तारीख) से __________ (तारीख) तक की छुट्टी की आवश्यकता है।

कृपया मुझे _____ (तिथि )तक के लिए छुट्टी प्रदान करने की कृपा करें। मैं आपका आभारी रहूँगा/रहूँगी।

धन्यवाद।

आपका आज्ञाकारी

____________ (आपका नाम)

कक्षा __________